वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री खुर्शीद आलम खान): (क) जी हां ।

(ख) सहायक निगम द्वारा की गई जांच के आधार पर पाया गया है कि लगभग 3200 रु. मूल्य का लगभग 1,000 मीटर कपड़ा केमिकल प्रोसैसिंग में टैंडरिंग की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया । यह कहना गलत है कि 1.5 लाख रु. मूल्य का 25 हजार मीटर कपड़ा जला दिया गया है ।

(ग) एन.टी.सी. प्रबन्ध-मण्डल ने इस लापरवाही के लिये जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाने और इस संबंध में उचित कार्यवाही किये जाने के बारे में जांच के आदेश दिये हैं । ट्रेड यूनियनों ने भी जांच की मांग की किन्तु जांच पहले ही आरम्भ कर दी गई है ।

Bank fraud in Bombay

1099. SHRI RAM NARESH KUSHAWAHA:
SHRI VIRENDRA VERMA:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether a big bank fraud involving Rs. 35 crores has been recently unearthed in Bombay; and

(b) if so, what are the details thereof stating the status of the bank officials involved in the racket, their *modus operandi* and the action taken by Government in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHAN POOJARI): (a) and (b) Presumably the reference is to the allegations about collusion of some officials of commercial banks and the National Co-operative Bank Ltd. Bombay in opening of Letters of Credit and transfer of foreign exchange out of the country without actual import of goods in an irregula manner. The Reserve Bank of India has reported that about 200 Letters of Credit were opened with various commercial banks through the National Cooperative Bank Ltd. Bombay. According to Reserve Bank of India the Anti-Corruption Bureau Maharashtra is investigating into the matter and the involvement of the bank officials and the *modus operandi* adopted etc. would be known only after the investigation is completed.

मध्य प्रदेश में शुष्क पत्तन तथा विमान-माल काम्पलैक्स का स्थापित किया जाना

1100. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **क्या मध्य प्रदेश में शुष्क पत्तन तथा विमान-माल** काम्पलैक्स की स्थापना की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है, यदि हां, तो इस मामले में क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

वाणिज्य मंत्री तथा खाद्य तथा नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री पी. शिव शंकर) : मध्य प्रदेश में शुष्क पत्तन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है । एयर कार्गो काम्पलैक्सों की स्थापना पर, संबंधित राज्य सरकारों की, जो उनका प्रबन्ध करती है, सिफारिश की संभाव्यता के अनुसार विचार किया जाता है । इस संबंध में मध्य प्रदेश सरकार से अभी तक ऐसा कोई व्यौरेवार प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है जिसके समर्थन में यातायात संबंधी औचित्य दिया गया हो ।

समाज के कमजोर वर्गों को ऋण दिया जाना

1101. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने समाज के कमजोर वर्गों और पिछड़े क्षेत्रों के व्यक्तियों को कर्ज दिए जाने संबंधी नियमों को हाल ही में उदार बनाया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में व्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) और (ख) भारतीय रिजर्व बैंक ने कमजोर वर्गों को दिये जाने वाले अग्रिमों के संबंध में जमानत और मार्जिन के वास्ते उदार मानदण्ड निर्धारित किये हैं । भारतीय रिजर्व बैंक ने विभेदी ब्याज दर योजना और समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों और